* D R - 1 9 0 7 0 6 0 1 0 6 4 1 0 0 *

**DR-19070601064100** Seat No. ______

# B. R. S. (Sem. VI) (CBCS) (W.E.F. 2019) Examination

**March / April - 2022**

## Hindi - 622

*(हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएँ) (Core) (New Course)*

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] [Total Marks : **70**

सूचना : सूचनानुसार उत्तर दीजिए ।

**1** हजारीप्रसाद द्विवेदीजी के जीवन का परिचय देते हुए उनके साहित्य पर प्रकाश डालिए । **15**

**अथवा**

**1** 'आपने मेरी रचना पढ़ी' निबंध का कथासार लिखते हुए उनकी विशेषताओं की चर्चा कीजिए । **15**

**2** 'अशोक के फूल' निबंध की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **15**

**अथवा**

**2** 'वसंत आ गया है' निबंध में व्यक्त लेखक के विचारों को स्पष्ट कीजिए । **15**

**3** निम्नांकित में से किन्हीं तीन की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : **15**

(1) ''भारतीय साहित्य में, और इसलिए जीवन में भी, इस पुष्प का प्रवेश और निर्गम दोनों ही विचित्र नाटकीय व्यापार है, ऐसा तो कोई नहीं कह सकेगा कि कालिदास के पूर्व भारतवर्ष में इस पुष्प का कोई नाम ही नहीं जानता था, पर कालिदास के काव्यों में यह जिस शोभा और सौकुमार्य का भार लेकर प्रवेश करता है वह पहले कहाँ था ?''

(2) ''विज्ञान ने हमेंशा इंस्पेक्टर मातादीन से मात खायी है । फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ कहता रहता है – छूरे पर पाये गये निशान मुलजिम की अंगुलियों के नहीं हैं, पर मातादीन उसे सजा दिला ही देते हैं ।''

(3) ''मैं बिहार की जनता की पुकार पर ही बिहार आया हूँ । जनता की पुकार राजनीतिज्ञों को कैसे सुनाई पड़ जाती है, यह एक रहस्य है धंधे का, नहीं बताऊँगा ।''

(4) 'गवाह पूरी कोशिश से सच्चा दिखाने की कोशिश कर रहा है । अगर ठीक ढंग से झूठ बोल गया तो वह सच मान जाएगा । ठीक ढंग से बोले गये झूठ को सत्य कहते हैं ।'

(5) ''रवीन्द्रनाथ की प्रतिभा बहुमुखी थी, परंतु प्रधान रूप से वह कवि थे, कविता में भी उनका सुझाव गीति कविता की ओर ही था । उन्होंने गाने में आनंद पाया, सूर के माध्यम से परम सत्य का साक्षात्कार किया और समस्त विश्व में अखंड सूर का सौन्दर्य व्याप्त देखा ।''

4 द्विवेदीजी साहित्यकारों के कौन–कौन से दायित्व मानते हैं – समझाइए । **15**

**अथवा**

4 'हम बिहार में चुनाव लड़ रहे हैं' – में व्यक्त व्यंग्य पर प्रकाश डालिए । **15**

5 'एक काना एक ऐंचकताना' में हमारी कानून व्यवस्था पर करारा व्यंग्य किया गया है – समझाइए । **10**

**अथवा**

5 परसाईजी की व्यंग्य कला पर विस्तृत निबंध लिखिए । **10**